
# संसद में गूंजा औद्योगिक कॉरिडोर और केंद्रीय विवि का मुद्दा

## सांसद ने बरगवां-कटनी मार्ग के उन्नयन एवं लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने की उठाई मांग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 अप्रैल। सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान क्षेत्र के विकास एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को उठाया।**

उन्होंने बरगवां से कटनी-परसौना, रजमिलान, सरई, टिकरी, मड़वास, मझौली, ब्यौहारी व विजयसोता मार्ग को औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में स्वीकृति प्रदान करने और इसे राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन कर फोरलेन सड़क निर्माण कराने की पुरजोर मांग सदन में रखी।



सांसद ने कहा कि यह मार्ग औद्योगिक एवं आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके उन्नयन से क्षेत्र में उद्योग, व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से इस प्रस्ताव पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया, जिससे सीधी-सिंगरौली सहित पूरे विंध्य क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिल सके। सांसद ने एक दिन पूर्व ही सदन के अंदर शून्य काल में लोकसभा क्षेत्र मे केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने की मांग रखी थी,

### उच्च शिक्षा के लिए जाते हैं 3 सौ किमी दूर

सांसद ने सदन को बताया कि सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी विश्वविद्यालय नहीं है तथा सीधी-सिंगरौली के दूरस्थ क्षेत्रों के क्षात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने एवं अध्ययन अध्यापन संबंधित अन्य विषयों को लेकर 300 किलोमीटर दूर तक का सफर करना पड़ता है। क्षेत्र में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय खुल जाने से उच्च शिक्षा के स्तर पर व्यापक सुधार होगा और विश्वविद्यालयीन कार्यों के लिए छात्रों को अन्यत्र जाना नहीं पड़ेगा।



# कलेक्टर ने दुर्गम बटोही ग्राम का भ्रमण किया

## ली योजनाओं की जानकारी

नवभारत न्यूज

**सतना 02 अप्रैल. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मझगवां तहसील के नगर पंचायत चित्रकूट के अंतर्गत आने वाले बटोही ग्राम का भ्रमण कर मैदानी स्तर पर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का जायजा लिया।**

इस दौरान उन्होंने वनमंडलाधिकारी मयंक चांदीवाल, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर और तहसीलदार चित्रकूट कमलेश सिंह भदौरिया के साथ ग्राम का भ्रमण कर पेयजल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली और निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### मैहर में 10 तक लागू रहेगा कोलाहल नियंत्रण आदेश

**मैहर.** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत सम्पूर्ण मैहर जिले की सीमा के अंदर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अंतर्गत अधिक कोलाहल वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति या संगठन परीक्षा केन्द्रों से 200 मीटर की परिधि में जुलूस, धरना, प्रदर्शन, आमसभा, नारेबाजी, भूख हड़ताल, आमरण अनशन नहीं करेंगा और न ही किसी प्रकार के अनुचित संसाधनों का प्रयोग करेगा।

# दिव्यांगजन आकलन सह वितरण शिविर के पहले दिन हुआ 206 का पंजीयन

## कम्युनिटी हाल में बड़ी संख्या में शिविर की सूचना पर लोग पहुंचे

नवभारत न्यूज

**सतना 02 अप्रैल. सांसद गणेश सिंह के प्रयास से उत्थान सेवा फाउंडेशन द्वारा श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन गुरूवार को बिरला मार्केट सतना के कम्युनिटी हॉल में प्रारंभ हो गया है।**





शिविर में प्रथम दिवस नगर निगम सतना के दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दिव्यांगता का आंकलन किया गया। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सहायक उपकरण वितरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों की आवश्यकताओं के अनुसार मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना एवं उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस दौरान बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे और योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

### शुक्रवार को दोपहर बाद होगा उपकरणों का वितरण

शिविर के दूसरे दिन 3 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सांसद सतना गणेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में जनपद पंचायत एवं नगर परिषद उचेहरा तथा नागौद के दिव्यांगजनों के लिए बिरला मार्केट सतना के कम्युनिटी हॉल में परीक्षण एवं सहायक उपकरणों के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

### फांसी के फंदे पर झूली युवती

**सिंगरौली 2 अप्रैल।** खुटार पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम डीवा टोला निवासी एक 23 वर्षीय युवती घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

खुटार पुलिस चौकी प्रभारी शीतला यादव के अनुसार डीवा टोला निवासी पूनम शाह पिता लालसुन्दर शाह उम्र 23 वर्ष ने अज्ञात कारणों से आज घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

# सिंहपुर और रामपुर में बनेंगे पोस्ट मैट्रिक छात्रावास

## राज्य सरकार ने दी मंजूरी, पांच करोड़ रुपया का मिलेगा बजट

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 अप्रैल. 5 करोड़ की लागत से सिंहपुर और रामपुर में अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक छात्रावास बनेंगे.**

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के प्रयासों से रैगांव विधानसभा क्षेत्र के सिंहपुर में करीब 5 करोड़ (499.78 लाख) की लागत से अनुसूचित जाति



प्री मैट्रिक छात्रावास की स्वीकृति प्रदान की गई है ! इसी प्रकार रामपुर क्षेत्र के विधायक विक्रम सिंह के प्रयासों से रामपुर में करीब 5 करो? (499.78 लाख) की लागत से अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक छात्रावास एवं इतनी ही लागत से अनुसूचित जनजाति प्री मैट्रिक छात्रावास की स्वीकृति प्रदान की गई है !

# योजना नगर तथा ग्राम निवेश दफ्तर में चोरी

▸ लेपटॉप एवं इनवर्टर सेट चोरी, तलाश में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 अप्रैल। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के समीपी माजन मोड़ स्थित उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय सिंगरौली में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लेपटॉप एवं इनवर्टर सेट पार कर गये।**




जिसकी कीमत 50 हजार रूपये ऊपर बताई जा रही है। विभागीय रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात चोरों के रिपोर्ट में जुट गई है। वहीं आसपास में लगे सीसीटीव्ही कैमरों को भी खंगाल रही है।

जानकारी के अनुसार माजन मोड़ स्थित उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला दफ्तर में अज्ञात चोरों ने घुस कर लेपटॉप एवं इनवर्टर सेट पार कर गये। बताया जाता है कि उसकी कीमत 50 हजार रूपये से अधिक है। यह घटना 28 से 31 मार्च के बीच की है। उपसंचालक ने इसकी पुष्टि की है। चौकीदार 31 मार्च को जब दफ्तर का ताला खोला तो सामग्री अस्त-व्यस्त एवं बिखरी पड़ी हुई थी और देखा तो लेपटॉप एवं इनवर्टर गायब था। चोरी घटना की रिपोर्ट कोतवाली बैढ़न में की है। कोतवाली टीआई अशोक सिंह परिहार के अनुसार अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।



# नशीली कफ सिरफ का सप्लायर लगा पुलिस के हाथ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अप्रैल, गोविंदगढ़ पुलिस ने नशीली कफ सिरप मामले में सप्लायर को भी गिरफ्तार किया है. आरोपी से पूंछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया. आरोपी पुलिस को कई अहम जानकारी दी है, जिस पर जांच की जा रही है.**

थाना गोविन्दगढ पुलिस व्दारा अजय तिवारी उर्फ शिब्बू के कब्जे से 100 नग प्रतिबन्धित नशीली कफ सीरफ जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. आरोपी व्दारा पूछताछ के दौरान यह बताया गया था कि राजू प्रजापति पिता गजाधर प्रजापति उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम बुढवा थाना रायपुर कर्चुलियान व्दारा उसको बेचने के लिये नशीली कफ सीरफ पहुचाई जाती है. प्रकरण मे राजू प्रजापति को आरोपी बनाया जाकर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमाण्ड ली गई. पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपी व्दारा अपने गृह ग्राम बुढवा से प्रतिबन्धित नशीली कफ सीरफ को पहुचाने मे प्रयोग की गई कार और 23 नग अवैध नशीली कफ सीरफ बरामद कराई गई. जिसे जप्त कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पुन: पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया.

# प्रदूषण एवं जर्जर सड़क से परेशान युवक पेड़ पर चढ़ा, तहसीलदार व टीआई पहुंचे

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 अप्रैल। जिले में टॉवर एवं पानी टंकी तथा पेड़ों पर चढ़ कर अपनी मांगों को मंगवाने के लिए लोगों ने एक नया तरीका अपना लिया है। पिछले डेढ़ माह के दौरान यह 7वीं घटना है।**





जहां गजरा-बहरा के पड़े पर आज गुरूवार की शाम 4 बजे स्थानीय युवक चढ़ गया और वहीं से आत्महत्या करने की बात करने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार एवं टीआई स्थल पहुंच युवक को मनाते हुये नीचे उतारा। दरअसल पेड़ पर चढ़े ग्राम गजरा-बहरा निवासी एक युवक राजीव साकेत उम्र 35 वर्ष की मांग थी कि यहां के कोलयार्ड डस्ट से रहवासी त्रस्त हो चुके हैं। स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ-साथ समय पर मजदूरी नही मिल पा रही है। ओव्हर लोड कोल वाहनों के चलते सड़के जर्जर हो चुकी है। आये दिन सड़क हादसे भी हो रहे हैं। यहां के डस्ट से लोग बीमार हो रहे हैं। यहां के रहवासी एवं व्यापारी कोयले की डस्ट से त्रस्त हो चुके हैं। कोई भी अधिकारी समस्या को सुनने के लिए तैयार नही हैं, बल्कि कोलयार्ड कंपनी का ही गुणगान करने लगते हैं। इन्ही मुद्दों को लेकर युवक पेड़ पर चढ़ा था। तहसीलदार सरई अमित मिश्रा एवं टीआई जितेन्द्र सिंह भदौरिया पुलिस बल के साथ स्थल पहुंच युवक को समझा बुझा कर नीचे उतारा है। तक कहीं जाकर मामला शांत हुआ।

### इनका कहना है

गजरा-बहरा गांव का एक युवक अपनी मांगों को लेकर पेड़ पर चढ़ा था। उसे समझाया बुझाया गया, सह कुशल नीचे उतारा गया।

**जितेन्द्र सिंह भदौरिया,**
थाना प्रभारी निरीक्षक, सरई

### परिजन भी हो गये थे चिंतित

जानकारी के अनुसार राजीव साकेत के पेड़ पर चढ़ कर सोसाइड करने की धमकी देने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। आनन-फानन में लोग घटनास्थल पर एकत्रित होकर चिल्लाने लगे। फिर भी राजीव किसी की भी बात नही सुन रहा था। अंतत: जब तहसीलदार और टीआई पहुंचे तब कहीं जाकर मामला सुलझा और युवक नीचे उतरकर अपनी पूरी बात गिना डाला। तहसीलदार एवं टीआई ने उसकी बातों को गंभीरता से सुनते हुये निदान कराने का आश्वासन भी दिया।

# गोल्डन ऑवर में मददगार 'राह-वीर' आर्यन को 25 हजार का इनाम

## मझगवां के आर्यन ने रात पौने तीन बजे घायल शुभम को पहुंचाया अस्पताल

नवभारत न्यूज

**सतना 02 अप्रैल. सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की समय पर मदद कर उसकी जान बचाने वाले व्यक्ति को सरकार ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है।**

राह-वीर योजना-2025 के तहत मझगवां निवासी आर्यन शर्मा को 25 हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 2 सितंबर 2025 की रात करीब 2.45 बजे सतना-चित्रकूट मार्ग पर ठाडी पाथर के पास एक सड़क हादसे में शुभम डोहर उम्र 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस दौरान मौके पर मौजूद आर्यन शर्मा ने बिना समय गंवाए अपने निजी वाहन से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल सतना रेफर किया गया। आर्यन शर्मा की तत्परता से घायल को गोल्डन ऑवर में इलाज मिल सका, जिससे उसकी जान बच पाई। उनके इस सराहनीय कार्य को देखते हुए जिला स्तरीय अप्रेजल समिति ने उन्हें गुड समेरिटन के रूप में चयनित कर पुरस्कार के लिए अनुशंसा की थी।

परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य सड़क सुरक्षा समिति की स्वीकृति के बाद आर्यन शर्मा को 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। यह योजना सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग आगे आकर मानवता की मिसाल पेश करें।


**एन सी एल NCL — नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(एक मिनिरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पणी)

सूचना संख्या एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्सन/25-26/1838 दिनांक : 31.03.2026

**सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से अप्रैल 2026 माह मे कोयले की बिक्री की सूचना**

**नॉर्देन कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, म. प्र.** सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से "**कोयले**" की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है, जिसमें कोई भी क्रेता (व्यक्ति, पार्टनरशिप फर्म, कम्पनी इत्यादि) भाग ले सकता है और इलेक्ट्रॉनिक बोली के जरीये कोयला प्राप्त कर सकता है। "**अप्रैल 2026**" के लिये दिनांक "**08.04.2026**" को होने वाले ई-ऑक्सन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्ते एनसीएल की वेबसाइट "**www.nclcil.in**", सर्विस प्रोवाइडर "**एमएसटीसी" की वेबसाइट** https://www.mstcecommerce.com तथा विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

(R-02) **महाप्रबंधक (वि. एवं वि.) एनसीएल सिंगरौली**


# पुलिस का अंतर्राज्यीय नेटवर्क पर प्रहार, 443 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद

## नशा मुक्त भारत अभियान में पुलिस की बड़ी कार्यवाही, नशे के अवैध कारोबारियों में मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

**सीधी, 2 अप्रैल. केंद्र सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सीधी पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।**



इस अभियान के तहत जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिससे नशा कारोबारियों में हड?ंप की स्थिति बनी हुई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक रीवा जोन हेमंत चौहान के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व अमन मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा यह प्रभावी कार्रवाई की गई। दिनांक 1 अप्रैल 2026 की रात्रि में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उत्कृष्ट विद्यालय के पास एक व्यक्ति नशीली सिरप की खेप खपाने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आशीष सिंह उर्फ राजन गहरवार उम्र 26 वर्ष निवासी पडऱा को मौके से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 28 शीशी नशीली सिरप बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी के निशानदेही के आधार पर पुलिस ने तत्काल कमला कॉलेज के पीछे स्थित ठिकाने पर दबिश दी, जहां से 415 अतिरिक्त शीशी बरामद की गई। आरोपी से यह जानकारी प्राप्त करने हेतु पूछताछ की जा रही है कि वह उक्त नशीली कफ सिरप कहां से लेकर आया था। साथ ही नशीली सिरप के अवैध क्रय-विक्रय एवं नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस कार्रवाई में जप्त सामग्री में कुल नशीली कफ सिरप 443 शीशी, अनुमानित मूल्य 88,600 रुपए, एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन शामिल है। आरोपी के विरुद्ध धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट, धारा 5/13 मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### सीधी पुलिस ने की आम नागरिकों से अपील

सीधी पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि आपके आसपास नशे के अवैध कारोबार की कोई भी जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णत- गोपनीय रखी जाएगी। आपकी सतर्कता और पुलिस की कार्रवाई मिलकर समाज को सुरक्षित और नशामुक्त बना सकती है।

### कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मी होंगे पुरष्कृत

इस सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय थाना प्रभारी कोतवाली, उपनिरीक्षक राजमणि वर्मा, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह, जयराम सैनी, आरक्षक बालेन्द्र सिंह एवं चालक सुभाष सिंह को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

### इनका कहना है

नशे के विरुद्ध केंद्रीय गृह मंत्री के द्वारा आगामी 3 वर्षों में देश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के तहत नशा मुक्त भारत अभियान 1 अप्रैल को प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में सीधी पुलिस द्वारा यह सख्त कार्यवाही की गई है। नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। अभियान निरंतर और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा।

**संतोष कोरी,** पुलिस अधीक्षक सीधी


**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**
आर-23, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स के पास, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल-462011
दूरभाष : 0755-2552663, फैक्स : 2552662, ई-मेल : bocboard@mp.gov.in

**प्रस्ताव निमंत्रण सूचना**

असंगठित श्रमिकों को बीमित किये जाने संबंधी विचाराधीन प्रस्ताव बाबत्, बीमा प्रक्रिया फ्रेमवर्क डिजाइनिंग, तकनीकी सहयोग, विधिक अनुपालन तथा हितग्राहियों के हित संरक्षण की दृष्टि से व्यवस्थित निगरानी तंत्र संबंधी कार्य हेतु पूर्णतः गैर वित्तीय आधार पर बीमा परामर्शी इम्पैनल किया जाना है।
इस हेतु बीमा क्षेत्र की परामर्शी संस्थाओं से उनके द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाली सेवाओं एवं शर्तों के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्ताव **दिनांक 10.04.2026 सायं 04:00 बजे तक** आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त प्रस्ताव बंद लिफाफे में निर्धारित दिनांक तक, **म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, कार्यालय आर-23, एम.पी. नगर, जोन-01, भोपाल में** प्रेषित किये जायें।
अधिक जानकारी हेतु कार्यालय **सचिव, म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, आर-23, एम.पी. नगर, जोन-01, भोपाल** में संपर्क किया जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/125184/2026 **सचिव**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99